10वीं का पेपर सामान्य रहा।



सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर में लगी प्रदर्शनी देखतीं छात्राएं। संवाद

बच्चों ने कपड़ों पर पेंटिंग कर कहानियों को दिया रंग

कानपुर। सर पद्मपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर कमलानगर में बृहस्पतिवार को श्री गोविंद हरि जी सिंहानिया सेंटर फॉर एडवांस्ड लर्निंग के अंतर्गत पट्ट चित्र कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ने बताया कि यह पश्चिम बंगाल की एक विशेष पारंपरिक कला पद्धति है, जिसमें कपड़े पर प्राकृतिक रंगों से लोककथाओं पर आधारित चित्रों का वर्णन किया जाता है। प्रदर्शनी में लगी सभी पेंटिंग में किसी न किसी कहानी को दिखाया गया था। कक्षा आठ की छात्रा चार्वी ठक्कर ने अपनी पेंटिंग में एक चित्रकार को दिखाया जो कि कागज पर कलाकृतियों का बना रहा था। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डीएवी कॉलेज के कला विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. अभय द्विवेदी ने पेंटिंग का अवलोकन किया। मनोरमा गोविंद हरि जी सिंहानिया, अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया और पार्थो पी कर आदि मौजूद रहे। (संवाद)